त्रिवेंद्रम वी. सुरेंद्रन

अकादेमी पुरस्कार:
कर्नाटक वाद्य संगीत (मृदंगम)

केरल के तिरुवनंतपुरम में 14 अगस्त 1942 को संगीतकारों के परिवार में जन्मे, श्री त्रिवेंद्रम वी. सुरेंद्रन ने मृदंगम वादन का प्रारंभिक प्रशिक्षण मवेलिक्करा के. वेलुकुट्टी नायर से प्राप्त किया। बाद में, पालघाट टी. एस. मणि अय्यर के संरक्षण में आपने अपनी कला को निखारा। आपका सम्बंध तंजावुर बानी परम्परा से है।

श्री सुरेंद्रन ने देश के कई प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्थानों के साथ काम किया है। आपने भारतीय म्यूजिक एंड आर्ट्स सोसाइटी और स्वाति तिरुनल संगीत महाविद्यालय के साथ संकाय सदस्य के रूप में काम किया है तो आकाशवाणी, केरल में स्टाफ कलाकार रहे हैं।

आप आकाशवाणी और दूरदर्शन के 'शीर्ष' श्रेणी के कलाकार हैं। आपने देश–विदेश के प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में न केवल एकल वादन प्रस्तुत किया है, बल्कि देश के कई नामचीन संगीतकारों के साथ संगत भी किया है। आपने मृदंगम पर देश–विदेश में कई कार्यशालाओं और संगोष्ठियों का आयोजन किया है। साथ ही, बहुत से छात्रों को मृदंगम वादन का प्रशिक्षण भी दिया है।

कर्नाटक वाद्य संगीत में योगदान के लिए, श्री त्रिवेंद्रम वी. सुरेंद्रन को कई प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्थानों से खिताब और पुरस्कार प्राप्त हुए हैं, जिनमें केरल शास्त्र संस्कारिका समिति द्वारा प्रदान किया गया लयरत्न पुरस्कार (1992); केरल संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1998); थिरुवंबडी देवस्वोम, त्रिशूर द्वारा प्रदान किया गया संगीत तिलकम पुरस्कार (2008); कांची कामकोटि पीठम (2009); पालघाट मणि अय्यर मेमोरियल पर्कुयुसिव आर्ट सेंटर, बैंगलोर द्वारा प्रदत्त मृदंग कला शिरोमणि पुरस्कार (2012); श्री स्वाति तिरुनाल संगीत सभा, तिरुवनंतपुरम द्वारा प्रदान किया गया गुरु पूजा पुरस्कार (2015); केरल सरकार द्वारा प्रदान की गई केरल संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप (2019); और नीलकंठा सिवन संगीत सभा द्वारा प्रदान किया गया श्री नीलकंठा सिवन सभा पुरस्कार (2022) प्रमुख हैं।

श्री त्रिवेंद्रम वी. सुरेंद्रन को कर्नाटक वाद्य संगीत (मृदंगम) में योगदान के लिए वर्ष 2019 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

TRIVANDRUM V. SURENDRAN

Akademi Award: Carnatic Instrumental Music (Mridangam)

Born on 14 August 1942 at Thiruvananathapuram in Kerala in a family of musicians, Shri Trivandum V. Surendran received his initial training in Mridangam from Mavelikkara K. Velukutty Nair and later groomed his art under the tutelage of Palghat T.S. Mani Iyer. He belongs to the Thanjavur Bani tradition.

Shri Surendran has worked with many prestigious cultural institutions in the country such as faculty member with the Bharatiya Music & Arts Society; Swathi Tirunal College of Music; and as a staff artist at All India Radio, Kerala. He has also been associated with the Chembai Trust Sangeetha Sabha, Thiruvananthapuram as an Executive Committee Member. A 'Top' grade artist of All India Radio and Doordarshan, Shri Surendran has performed as a soloist as well as accompanied many accomplished and well-known musicians of the country in music festivals worldwide. He has conducted many workshops and seminars on Mridangam in India and abroad and has trained many students.

For his contribution to Carnatic Instrumental music, Shri Trivandrum V. Surendran has received the Kerala Sangeetha Nataka Akademi Award (1998); the Sangeetha Thilakam Award given by Thiruvambadi Devaswom, Thrissur (2008); the Mridanga Kala Shiromani Award conferred by the Palghat Mani Iyer Memorial Percussive Art Centre, Bangalore (2012); the Guru Pooja Award conferred by Sri Swathi Thirunal Sangeetha Sabha, Thiruvananthapuram (2015); and the Kerala Sangeetha Nataka Academy Fellowship (2019).

Shri Trivandrum V. Surendran receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2019 for his contribution to Carnatic instrumental music.